


MPHIN/2009/34626

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक181 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी मंगलवार 16 अप्रैल 2024 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ 4

पृष्ठ-2 संपादकीय एवं प्रदेश समाचार पृष्ठ-3 सिवनी /बालाघाट समाचार पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

# मोदी जी के नेतृत्व में समाज के हर वर्ग के कल्याण के कार्य हुये – शिवराज सिंह चौहान

## पूर्व मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में आमसभा को संबोधित किया

सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश के पूर्व मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को सिवनी नगर मु यालय के शुक्रवारी में बालाघाट सिवनी लोकसभा की प्रत्याशी श्रीमती भारती पारधी के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करते हुये कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में समाज के हर वर्ग के कल्याण के काम हुये है । वर्षो से लंबित ऐसे मुद्दे जिनके के बारे में कोई कल्पना नहीं कर सकता था उन सभी मुद्दों का समाधान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा किया गया । भारत का दुनिया में स मान बढ़ा है हमारी ताकत का एहसास हुआ है। श्री चौहान ने उदाहरण देते हुये बताया कि जब रूस और युक्रेन का युद्ध प्रारंभ हुआ उस समय हमारे यहाँ के वह बच्चे जो रूस और युक्रेन पढ़ने गये थे वह फंस गये बच्चों के माता पिता परेशान थे तब हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दोनों राष्ट्राध्यक्षों को फोन किया और कहा कि दोनों देशों से हमारे यहाँ के बच्चे अपने देश भारत लौटेंगे और वह भारत माता की जय कहते हुये निकलेंगे उस समय युद्ध रूक जाना चाहिये दोनों देशों ने उस समय तक युद्ध विराम रखा जब तक भारत के बच्चे सुरक्षित अपने देश नहीं पहुँच गये । यह भारत के नेतृत्व का प्रभाव है यह अंतर है पहले के भारत और मोदी के नेतृत्व वाले भारत का । श्री चौहान ने कहा कि आज भारत का जो स मान बढ़ा है वह पहले कभी नहीं था और जब



हमारे देश का स मान बढता है तो हमारी छाती चौड़ी हो जाती है ।

**पाँच सौ साल के कलंक को मिटाया, कांग्रेस ने श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकराया**

पूर्व मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत से पाँच सौ साल के कलंक को मिटा कर अयोध्या में भव्य और दिव्य भगवान श्रीराम का मंदिर निर्माण किया है । भगवान श्रीराम की प्रतिमा स्थापित होने पर पूरे देश के हर घर में खुशियाँ छाई थी हर घर में दीपक जलाये गये । हर वर्ग उत्साह से झूम रहा था परंतु इस खुशी के माहौल में भी कांग्रेस गमगीन रही है उसने भगवान श्रीराम की प्रतिमा स्थापित होने के निमंत्रण को भी ठुकरा दिया जिसे इतिहास हमेशा याद रखेगा और आने वाली पीढ़िया कांग्रेस को श्रीराम का विरोधी मानेगी । श्री चौहान ने कहा कि कांग्रेस का यह कृत्य उसके विनाश का कारण बन गया है, सारे विचारवान लोग कांग्रेस का साथ छोड़ रहे है, कांग्रेस के बड़े बड़े नेता जिनके नाम पर कांग्रेस चलती है वे तक अपनी परंपरागत सीटों से चुनाव लड़ने में डर रहे है है । श्री चौहान कांग्रेस के गांधी परिवार की परंपरागत सीट रायबरेली एवं अमेठी का उदाहरण दिया और बताया कि कांग्रेस की बहुत अधिक दुर्गति हो हो चुकी है अब श्रीमती सोनिया गाधी ने चुनाव लड़ने से मना कर दिया, राहुल गांधी अमेठी से चुनाव नहीं लड रहे वे वायनाड सीट को सुरक्षित मान रहे है । श्री चौहान ने कहा कि कांग्रेस लोग तो मैदान छोड़ चुके है उन्होंने बिना नाम लिये कहा कि कमलनाथ भी भाजपा में आते आते पता नहीं ` यो रूक गये ? शायद उनकी कोई शर्त रही होगी जिसे भाजपा ने नहीं मानी और भाजपा शर्तो के आधार पर किसी को भाजपा में शामिल नहीं करती ।

**लाड़ली बहना योजना बंद नहीं होगी, बहनों को बनायेंगे लखपति**

चौहान ने कहा कि प्रदेश में प्रारंभ की गयी लाड़ली बहना योजना बंद नहीं होगी यह योजना निरंतर चलते रहेगी और अब हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संकल्प पत्र में घोषित कर दिया है कि हर बहना को लखपति बनाया जायेगा । श्री चौहान ने कहा कि मैं ईश्वर से जनता की सेवा का अवसर मांगता हूँ और जनता की सेवा के लिये भाजपा से अच्छा कोई दूसरा प्लेटफार्म नहीं है । श्री चौहान ने यह भी कहा कि दुनिया में सबसे अच्छी पार्टी भारतीय जनता पार्टी और सबसे अच्छा नेता नरेन्द्र मोदी है । श्री चौहान ने कहा कि तीसरी बार नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनाना है, बालाघाट लोकसभा से भाजपा की प्रत्याशी को अधिक से अधिक मतों को जिताये । डबल एंजिन की सरकार से विकास की गति तेज होगी । उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की मोहन सरकार और सिवनी के विधायक दिनेश राय मुनमुन विकास को गति दे ही रहे है और अब मैं भी दिल्ली में बैठूंगा जब जरूरत हो आवाज देना मै दौड़ चला आऊंगा । पूर्व मु यमंत्री श्री चौहान में शुक्रवारी में स्थापित राम दरबार एवं जैन मंदिर में दर्शन किये तथा बरघाट में आयोजित





जनसभा के लिये रवाना हुये ।

**पूर्व मु यमंत्री श्री चौहान ने सिवनी को ऐतिहासिक सौगाते दी है – दिनेश राय**

प्रदेश के पूर्व मु यमंत्री शिवराज सिंह चोहान की सिवनी भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे, सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन, बरघाट विधायक कमल मर्सकोले पूर्व विधायक राकेश पाल सिंह सहित वरिष्ठ नेताओं ने हवाई पट्टी सुकतरा में अगवानी की । सिवनी पहुँचने पर श्री चौहान का गरिमामय स्वागत हुआ मातृशक्ति की बहने स्वागत के लिये मंच पर बड़ी तादाद में स्वप्रेरणा से पहुँची। सिवनी विधायक श्री राय ने स्थिती को संभालते हुये कहा कि पूर्व मु यमंत्री जी का इस प्रकार स्वागत स्वाभविक है उन्होंने मातृशक्ति के लिये काफी काम किये है । श्री राय ने कहा कि मैं स्वयं भी पूर्व मु यमंत्री जी से बहुत प्रभावित हूँ और उन्हें अपना राजनैतिक गुरू मानता हूँ उन्होंने सिवनी के विकास के लिये बहुत कुछ दिया है । श्री राय ने पेंच की नहरों के माध्यम से रही सिंचाई, एवं मेडीकल कालेज की स्वीकृति को श्री चौहान के द्वारा प्रदान की गयी सौगात बताया ।

**यह रहे उपस्थित**

शुक्रवारी में आयोजित जनसभा में भाजपा प्रदेश मंत्री केशव सिंह भदौरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे, सांसद डां.ढालसिंह बिसेन, सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन, बरघाट विधायक कमल मर्सकोले, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार, सिवनी विधानसभा प्रभारी संतोष अग्रवाल, पूर्व सांसद श्रीमती नीता पटेरिया, पूर्व विधायक राकेश पाल सिंह , पूर्व जिलाध्यक्ष वेदसिंह ठाकुर, सुजीत जैन, प्रेम तिवारी, पूर्व जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष अशोक तेकाम पूर्व नपा अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी, भाजपा उपाध्यक्ष आनंद शर्मा, लालू राय, भाजपा जिला मंत्री श्रीमती एकता चौरसिया, श्रीमती निर्मला ठाकुर, सुश्री रानी बघेल, संजीव मिश्रा, किशोर सोनी केके युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष युवाराज राहंगडाले, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती उर्मिला उईके, श्रीमती पार्वती जंघेला, श्रीमती आरती शु ला, संतोष नगपुरे, मुनिया टांक, नरेन्द्र ठाकुर, भाजपा नगर मंडल के अध्यक्ष संजय पप्पू सोनी, अभिषेक दुबे, राजा बघेल, शुभम राजपूत, विजय मिश्रा, राजू यादव सुश्री बिंदू बघेल, सहित अनेक भाजपा के पदाधिकारी और वरिष्ठ जन मंचासीन रहे ।

## मतदान के 72 घंटे पूर्व से नगद व चेक से नहीं किया जा सकेगा भुगतान

सिवनी यशोः- भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 जारी अधिसूचना अंतर्गत जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। जिले में प्रथम चरण आगामी 19 अप्रैल को होने वाले मतदान को लेकर कले टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री क्षितिज सिंघल ने मतदान के 72 घंटे पूर्व की कार्यवाही एसओपी जारी कर स्व-सहायता समूह, गैर सरकारी संगठनों, शासकीय एवं सार्वजनिक उपक्रमों को सार्वजनिक कोष से मतदान के 72 घंटे के दौरान नगद व चेक से कोई भुगतान नहीं किये जाने के आदेश जारी किए गए हैं। यदि किसी विभाग अंतर्गत स्व-सहायता समूह, गैर सरकारी संगठनों, शासकीय एवं सार्वजनिक उपक्रमों को भुगतान करना हो तो सार्वजनिक कोष से मतदान के 72 घंटे पूर्व भुगतान कर सकते हैं। मतदान के 72 घंटे की अवधि के दौरान नगद व चेक से किसी भी प्रकार का भुगतान नहीं किए जाने के आदेश।

## आई टी आई में किया गया नवीन मतदाता अभिनंदन समारोह

छपारा यशोः- लोकसभा चुनाव मतदान की तिथि 19 अप्रैल जैसे-जैसे नज़दीक आ रही है वैसे वैसे मतदाता जागरूकता स बन्धी गतिविधियों में तेज़ी आ रही है इसी क्रम में आई टी आई कॉलेज छपारा में नवीन मतदाता अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कॉलेज प्राचार्य नलिन तिवारी ने बताया कि देश मे 60 प्रतिशत युवा है युवा पीढ़ी देश का भविष्य है इसे दृष्टिगत रखते हुए यह अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया है जिसमे फर्स्ट टाइम वोटर्स का तिलक लगाकर व पुष्प वर्षा से अभिनंदन किया गया। आयोजन में प्राचार्य ने युवाओं को लोकतंत्र में मत की महत्ता को प्रतिपादित करते हुए कहा कि सजग मतदाता ही लोकतंत्र का आधार है उन्होंने वोटर हेल्पलाइन एप व उसके उपयोग को विस्तार से समझाया। उद्यमिता अधिकारी अमित शर्मा ने इले ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की कार्यप्रणाली व सावधानियों के विषय मे प्रकाश डाला। स्वीप नोडल अधिकारी यशवीन ठाकुर ने उपस्थित विद्यार्थियों को मतदान के लिए प्रेरित किया। आई टी ऑफिसर संजय उईके ने कहां कि बिना मतदान के सशक्त लोकतंत्र व मजबूत संवेधानिक व्यवस्था का निर्माण स भव नहीं है। छात्रा तानिया ने कहा कि वे मत का प्रयोग प्रत्याशी के घोषणा पत्र और उनके विचारों को ध्यान में रख कर करेंगी। छात्र आयुष शर्मा ने कहां कि शिक्षा,स्वास्थ्य,उद्योग, रोजगार हमारे लिए महत्वपूर्ण मुद्दे है।



## अधिकारी-कर्मचारियों ने अखंड चुनरी यात्रा निकाल कर मतदाताओं से मतदान करने की अपील की

सिवनी यशोः- लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत आगामी 19 अप्रैल को जिले में होने वाले मतदान में मतदाताओं की शत प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने की उद्देश्य से कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल एवं सीईओ जिला पंचायत सिवनी एवं स्वीप प्लान नोडल अधिकारी श्री नवजीवन विजय के मार्गदर्शन में संपूर्ण जिले में सतत मतदाता जागरूकता गतिविधियां संचालित हैं। इसी क्रम में सोमवार 15 अप्रैल को जिले के सभी विकासखंडों में अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा अखंड चुनरी यात्रा निकाल कर मतदाताओं से मतदान करने की अपील की गई। मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत वोटर अवेयरनेस ग्रुप एवं स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा पोस्टर, दिवार लेखन, मेंहदी, रंगोली, मानव श्रृंखला बनाकर, बैलगाड़ी रैली जैसी गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने हेतु किया गया प्रेरित।



इसी तरह चुनरी यात्रा सह बैलगाड़ी रैली निकाल कर मतदाताओं को मतदान करने हेतु किया गया प्रोत्साहित कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल एवं सीईओ जिला पंचायत सिवनी श्री नवजीवन विजय के मार्गदर्शन में लोक सभा निर्वाचन 2024 मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत विकासखंड धनौरा के समस्त अधिकारी कर्मचारियों द्वारा अखंड मतदाता चुनरी यात्रा एवं बैलगाड़ी रैली निकाल कर मतदाता जागरूकता की अलख जगाई गई। आगामी 19 अप्रैल को जिले में होने वाले मतदान में जिले के मतदाताओं की शत प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से वोटर अवेयरनेस ग्रुप द्वारा मतदाताओं के घर, दुकान, खेत सहित जहां भी मतदाता मिल रहे हैं हस्ताक्षर करवाकर मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

## खुले नलकूप -बोरवेल में गिरने से होने वाली दुर्घटनाओं को रोके जाने के संबंध में एडवाईजरी जारी

### दिशा-निर्देशों का उल्लंघन पर आमजन कंट्रोल रूम के दूरभाष न बर 07692-220580 पर दर्ज कर सकते हैं शिकायत

सिवनी यशोः- कले टर श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशों के परिपालन में कार्य पालन यंत्री लोक यांत्रिकी विभाग खण्ड सिवनी द्वारा अनुपयोगी एवं खुले नलकूप / बोरवेल में छोटे बच्चों के गिरने से होने वाली दुर्घटनाओं को रोके जाने के संबंध में एडवाईजरी जारी की गई है। जारी एडवाइजरी अनुसार भूमि/परिसर के मालिकों की बोरवेल/कुऐ के निर्माण के लिये कोई भी कदम उठाने से पहले क्षेत्र के सर्बंधित अधिकारियों यानी सबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)/ मु य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत/मु य कार्यपालन अधिकारी नगर पालिका/परिषद/ पंचायत या ग्राम पंचायत के सरपंच/पार्षद को कम से कम 15 दिन पहने लिखित रूप से सूचित करना होगा। सभी ड्रिलिंग ऐजेंसियों का पंजीकरण जिला प्रशासन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के माध्यम से किया जाना अनिवार्य होगा। बोर/कुऐं के मालिक को निर्माण के दौरान साईन बोर्ड लगाना अनिवार्य होगा। जिसमें बोर/कुरे के मालिक का नाम एवं पता ड्रिलिग ऐजेंसी का नाम एवं पता का उल्लेख किया जाना अनिवार्य होगा। बोर/कुऐं के निर्माण के दौरान भूमि के मालिक को चारों ओर काटेंदार तार की बाढ़ या कोई अन्य उपयुक्त अवरोध खड़ा करना होगा। बोर/कुऐं के आवरण के चारों ओर भूमि मालिक को नि नतम (0.50 × 0.50 × 0.60 मीटर जमीनस्तर से 0.30 मीटर उपर जमीन के स्तर से 0.30 मीटर नीचे मापने वाले सीमेंट / कांक्रीट प्लेटफार्म का निर्माण करानां होगा। बोर/कुएँ के निर्माण पश्चात भूमि मालिक / ड्रिलिंग ऐजेंसी को स्टील प्लेट को बेल्डिग करके या बोल्ट और नट के साथ केसिंग पाईप पर एक मजबूत केप लागाकर वेल असे बली की केपिंग करना होगा। कुऐं या बोर के मालिक को पंप की मर मत के मामले में ट्यूबवेल को खुला नहीं छोड़ा जाना होगा इसके अतिरिक्त मर मत कार्य पूर्ण होने के पश्चात मि?ट्टी के गढ़ढो और नालियों को भरना होगा। अनुपयोगी बोर/कुएं को मिट्टी/रेत/बोल्डर/कंकड/ड्रिल कटिंग आदि से भरना होगा। ड्रिलिंग कार्य पूर्ण होने के पश्चात जमीन की स्थिति पूर्ववत करना। ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामवार बोर/कुऐं निर्माण के पश्चात उपयोग में आने वाले बोर/कुओ की सं या एव अनुपयोगी बोर/कुओं की निगरानी / दस्तावेजीकरण ग्राम पंचायत/कृषि विभाग के माध्यम से किया जाऐगा। शहरी क्षेत्रो में उपरोक्त निगरानी / दस्तावेजीकरण नगरपालिका/परिषद/ पंचायत द्वारा किया जावेगा। जिसकी सं यात्मक जानकारी उचित माध्यम से जिला स्तर पर भी प्रेषित की जाएगी। ग्रामीण क्षेत्र में यदि कोई बोर/कुंआ किसी भी स्तर पर अनुपयोगी हो जाता है तो इसका 01 प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत/कृषि विभाग को एवं शहरी क्षेत्र में नगर पालिका परिषद/ पंचायत को देना होगा। जिसमें इस आशय का स्पष्ट उल्लेख होगा कि परित्यक्त/अनुपयोगी बोरवेल को जमीनी स्तर तक ठीक प्रकार से भर दिया गया है। कार्यकारी ऐजेंसी/ विभाग द्वारा प्रतित्यक्त/अनुपयोगी बोरवेल का आकस्मिक निरीक्षण कर दस्तावेजों को संधारित किया जाएगा। उक्त जारी दिशा-निर्देशों के उल्लंघन पर ग्राम एवं नगर वासियों द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में स्थापित कंट्रोल रूम के दूरभाष न बर 07692-220580 पर शिकायतें दर्ज कराई जा सकती है।

## शासकीय कन्या मठ विद्यालय एवं बाल संप्रेक्षण गृह में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर

सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी श्री सतीश चंद्र राय एवं श्री लक्ष्मण कुमार वर्मा जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी के मार्गदर्शन तथा श्री जयदीप सोनबर्से जिला न्यायाधीश सिवनी एवं श्री अंशुल ताम्रकार न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिवनी की उपस्थिति में सोमवार 15 अप्रैल 2024 को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मठ मंदिर सिवनी में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित हुआ। शिविर में छात्राओं को नेशनल लोक अदालत योजना, महिला हिंसा, सालसा एवं नालसा की योजनाएं, बाल अपराध के विषय में जानकारी प्रदान की गई। इसी बाल संप्रेक्षण गृह सिवनी में भी विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर श्री निमिष राजा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिवनी के द्वारा नेशनल लोक अदालत योजना, निःशुल्क विधिक सहायता योजना, बाल अपराध के विषय में जानकारी प्रदान की गई। संविधान के मौलिक अधिकार एवं कर्त्तव्यों के विषय में जानकारी प्रदान की गई।





## मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा लाड्ली बहना की राशि 3000 हो जाएगी,




भोपाल। मध्य प्रदेश के मु यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज वह बयान दे दिया जिसका इंतजार जनवरी 2024 से मध्य प्रदेश की एक करोड़ महिलाएं कर रही हैं। शहडोल जिले में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए डॉ मोहन यादव ने कहा कि, लोकसभा चुनाव के बाद लाडली बहना योजना बंद नहीं होगी बल्कि, घोषणा के अनुसार लाडली बहना की राशि बढ़ा कर 3000 कर दी जाएगी।

**बैंक ट्रांसफर की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं होगा**

मु यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि, मध्य प्रदेश में कोई भी योजना बंद नहीं होगी। लाडली बहनों को अभी 1250 रुपए मिल रहे हैं। विधानसभा चुनाव से पहले मध्यप्रदेश सरकार ने घोषणा की थी कि यह राशि धीरे-धीरे बढ़ा कर ?3000 कर दी जाएगी। हमारी सरकार इस वादे को पूरा करेगी। किसी भी बहन को इस योजना के तहत राशि के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। हर महीने की 10 तारीख को बहनों के बैंक खाते में योजना की राशि जमा हो जाएगी और यदि छुट्टी अथवा अन्य किसी कारण से ऐसा संभव नहीं हुआ तो 10 तारीख से पहले जमा हो जाएगी।

**मोहन ने कहा, शिवराज का हर वादा निभाऊंगा**

उल्लेखनीय है कि, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी ने इस बात को मुद्दा बना दिया था। उन्होंने कहा था कि यह नहीं सरकार ने वादा पूरा नहीं किया तो लोकसभा चुनाव से पहले राजधानी भोपाल में लाखों लाडली बहनों के साथ ऐतिहासिक प्रदर्शन करूंगा। श्री जीतू पटवारी अपने ऐलान के अनुसार कोई प्रदर्शन तो नहीं कर पाए परंतु मु यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पूर्व मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा की गई घोषणा को पूरा करने का ऐलान जरूर कर दिया है।

# अर्थशास्त्री रूप में डॉ बाबासाहब अंबेडकर।

## 14 अप्रैल : बाबासाहब की जयंती पर विशेष

**प्रियंका कौशल.**




देश में बहुत कम लोग जानते हैं कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर विश्व के एक सर्वश्रेष्ठ अर्थशास्त्री थे। सामाजिक व राजनीतिक नेता वे बाद में थे, पहले अर्थशास्त्र के एक विद्यार्थी, फिर अध्यापक और फिर महान शोधार्थी थे।

समस्या तब हुई कि योजनाबद्ध तरीके से कुछ सत्तालोलुप लोगों ने अ बेडकर को केवल दलित नेता, संविधान निर्माता और कालांतर में राजनेता की फेम में कैद कर दिया। इससे उनके स पूर्ण व्यक्तित्व को देश जान ही नहीं पाया। डॉ अ बेडकर ने अर्थशास्त्र के विषयों पर एक नहीं वरन दो पीएचडी की उपाधि प्राप्त की थी। पहली लन्दन स्कूल ऑफ इकोनॉमि स से और दूसरी कोलंबिया विश्वविद्यालय से। उनकी अनुशंसाओं के आधार पर ही भारतीय रिजर्व बैंक का गठन हुआ। देश में सरकारी वित्त में भ्रष्टाचार रोकने के लिए महालेखाकार की स्थापना हुई।

अर्थशास्त्र के क्षेत्र में अंबेडकर के योगदान और उनकी प्रतिष्ठा/विश्वसनीयता को जानने के लिए ये एक घटना सबसे महत्वपूर्ण है। वर्ष 1930 का दशक पूरे विश्व बाजार में भीषण मंदी लेकर आया था। ब्रिटिश सरकार के सामने भी गंभीर चुनौतियां थीं। अगस्त 1925 में ब्रिटिश सरकार ने भारत की मुद्रा प्रणाली का अध्ययन करने के लिए 'रॉयल कमीशन ऑन इंडियन करेंसी एंड फाइनेंस' का गठन किया था। इस आयोग की बैठक में हिस्सा लेने के लिए जिन 40 विद्वानों को आमंत्रित किया गया था, उनमें आंबेडकर भी थे। वे जब आयोग के समक्ष उपस्थित हुए तो वहां मौजूद प्रत्येक सदस्य के हाथों में उनकी लिखी पुस्तक 'इवोल्यूशन ऑफ पब्लिक फाइनेंस इन ब्रिटिश इंडिया' की प्रतियां थीं।

बात यहीं खत्म नहीं होती, उस आयोग ने अपनी रिपोर्ट 1926 में प्रकाशित की थी। उसकी अनुशंसाओं के आधार पर कुछ वर्षों बाद 'भारतीय रिजर्व बैंक' की स्थापना हुई। इस बैंक की अभिकल्पना नियमानुदेश, कार्यशैली और रूपरेखा अंबेडकर की शोध पुस्तक 'प्राब्लम ऑफ रुपया' पर आधारित है। उन्होंने उस वक्त ये सिद्धान्त प्रतिपादित किया था कि महत्वपूर्ण उद्योगों पर सरकारी नियंत्रण होने चाहिए। साथ ही उन्होंने कृषि को सरकार के अधीन रखने की सलाह दी थी ताकि लघु व मध्यम किसानों की खेती के नुकसान से कमर ना टूटे। केंद्र की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने कृषि को लेकर उनका सिद्धान्त माना होता तो देश में किसानों की स्थिति आज कुछ अलग ही होती।

डॉ भीमराव अंबेडकर ने 1912 में ब बई के प्र यात एलीफेंसटन कॉलेज से अर्थशास्त्र एवं राजनीतिशास्त्र में बी.ए. की डिग्री प्राप्त करने के बाद बड़ौदा के महाराजा सयाजी राव गायकवाड़ द्वारा अध्ययन हेतु छात्रवृत्ति दिए जाने के बाद 1913 में अमेरिका के कोलंबिया विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया। 1915 में उन्होंने कोलंबिया विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में एम.ए. की पहली डिग्री प्राप्त की तथा 1916 में उन्होंने भारत का राष्ट्रीय लाभांश का विश्लेषणात्मक अध्ययन विषय पर थीसिस लिखकर दूसरी एम.ए. की डिग्री प्राप्त की। कोलंबिया विश्वविद्यालय से डबल एम.ए. करने के बाद उन्होंने कोलंबिया विश्वविद्यालय में प्र यात अर्थशास्त्री आर्थर सेलिगमेन के अंतर्गत 1917 में पी.एच.डी. का पंजीयन कराया। बाद में भीमराव अंबेडकर इंग्लैंड चले गए जहां 1921 में लन्दन स्कूल ऑफ इकानॉमि स अर्थशास्त्र में एम.एस.सी. की डिग्री प्राप्त की। उनकी थीसिस का विषय प्रोविंशियल डिसेंट्रलाइजेशन आफ इ पीरियल फायनेंस इन ब्रिटिश इंडिया था। 1922 में जर्मनी के बॉन विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र का अध्ययन किया। भीमराव अंबेडकर ने 1923 में लन्दन स्कूल ऑफ इकानॉमि स से अर्थशास्त्र में डो टर आफ साइंस की डिग्री प्राप्त की। डॉ टरेट की इस डिग्री के लिए- भारतीय रुपये की समस्या-कारण एवं समाधान विषय था। 1925 में उनकी थीसिस पुस्तक के रूप में प्रकाशित हुई। 1925 में रॉयल कमीशन आफ करेंसी एंड फायनेंस से उन्होंने अपनी थीसिस में प्राप्त निष्कर्ष के आधार पर चर्चा की। 1927 में उन्होंने कोलंबिया विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में डॉ टरेट की दूसरी डिग्री प्राप्त की। केन्द्र एवं राज्य के वित्तीय संबंधों पर उनकी थीसिस की बहुत चर्चा हुई। उस समय उनकी गिनती दुनिया के जाने-माने अर्थशास्त्रियों में होने लगी। वे अपने आर्थिक विचारों के कारण फ्रेडरिक हेरिक की पर परा में उदार पूंजीवादी अर्थशास्त्री माने जाने लगे थे।

आज उनका नाम दलगत और वर्ग विशेष की राजनीतिक संतुष्टि के लिए उपयोग किया जा रहा है। जिसे विश्व अर्थशास्त्र के अध्येता के रूप में जानता और मानता है, दुर्भाग्य से वे अपने ही देश में वे केवल एक ही फ्रेम में जड़ दिए गए। आज जरूरत है कि हम अलग-अलग विषयों पर डॉ अंबेडकर के विचारों को पढ़े, जाने व समझें। देश की कई चुनौतियों पर भी डॉ अंबेडकर ने तार्किक व सटीक विचार व्यक्त किये हैं। उनकी जयंती पर हम उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि तब ही दे सकेंगे जब उनके समग्र व उदार रूप को समझेंगे।

## सभी मतदान केंद्रों पर गर्मी को देखते हुए टेंट, पानी, मेडिकल किट की व्यवस्था सुनिश्चित करें-मु य निर्वाचन पदाधिकरी राजन

**नाकों पर वाहनों की सघन जांच तथा निर्वाचन नियमों का स ती से पालन करायें**

**भोपाल एवं नमर्दापुरम संभाग के जिलों की निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा**

भोपाल। स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन के लिये शिकायत निराकरण की व्यवस्था को सुदृढ़ बनायें तथा निर्वाचन सबंधी अपराधों पर स ती से कार्रवाई करें। निर्वाचन संबंधी शिकायतों के गुणवत्ता पूर्ण निराकरण के लिये जरूरी है कि जिला निर्वाचन अधिकारी इसकी सतत मानिटरिंग करें। मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने यह निर्देश शनिवार को कमिश्नर सभाकक्ष भोपाल में पहले सत्र में भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग के जिलों में लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा के दौरान दिये। उन्होंने गर्मी को देखते हुये मतदान केंद्रों पर टेंट, मेडिकल किट और पानी जैसी जरूरी व्यवस्थायें करने तथा से टर अधिकारियों के पास मेडिकल किट एवं दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मतदान दल एवं सुरक्षा कर्मियों के लिये भी ओआरएस और अन्य जरूरी दवाइयों की व्यवस्था करें। श्री राजन ने समय पर मतदाता पर्ची वितरण के निर्देश दिये।

**वेयरहाउस एवं अन्य भण्डार-गृहों का करें निरीक्षण**

राजन ने कहा कि वेयरहाउस एवं अन्य भण्डार-गृहों का निरीक्षण करें, जहां पर अवैध शराब आदि का भण्डारण हो सकता है। श्री राजन ने कहा कि पुलिस बल भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित एसओपी का पालन करें। उन्होंने ऐसे प्रत्येक व्यक्ति पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने की हिदायत दी जो चुनावी प्रक्रिया के दौरान अशांति पैदा करने का प्रयास कर सकते हैं। मु य निर्वाचन पदाधिकारी ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आपराधिक तत्वों के विरुद्ध अभी तक की गई कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि संवेदनशील और वल्नरेबल क्षेत्रों में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त करने के साथ ही मतदाताओं को डराने, धमकाने या प्रलोभन देने की शिकायतों अथवा सूचनाओं पर तत्काल और स त कार्रवाई करें।

मु य निर्वाचन पदाधिकारी ने चेक पोस्ट पर और स ती बरतने तथा वाहनों की सघन तलाशी करने के निर्देश दिये। उन्होंने मतदान के 48 घण्टे पूर्व की एसओपी का भी कड़ाई से पालन कराने को कहा। श्री राजन ने कहा कि सुचारू मतदान के लिये जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस अधीक्षक ऐसी लोकेशन का स्वयं जाकर निरीक्षण करें, जहां एक से अधिक मतदान केंद्र हैं। उन्होंने वल्नरेबल और क्रिटिकल मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े उपाय करने की आवश्यकता पर जोर देते हुये कहा कि निर्वाचन आयोग ने आवश्यकता अनुसार बेवकास्टिंग के लिये कुल मतदान केन्द्रों की सं या के 75 प्रतिशत के बराबर कैमरे लगाने की अनुमति अब प्रदान कर दी है। बेवकास्टिंग के लिये कैमरे मतदान केंद्र के भीतर और बाहर भी लगाये जा सकेंगे।

राजन ने संभाग के प्रत्येक जिले में निर्वाचन नियमों के उल्लंघन के अभी तक दर्ज हुये प्रकरणों, आपराधिक तत्वों के विरुद्ध की गई प्रतिबन्धात्मक कार्यवाही की जानकारी भी ली। उन्होंने निर्वाचन की प्रक्रिया के दौरान बड़ी मात्रा में नकदी, बहुमूल्य धातुओं और निषिद्ध वस्तुओं के परिवहन को रोकने, चेक पोस्ट पर वाहनों की सघन तलाशी लेने पर बल दिया।

मु य निर्वाचन पदाधिकारी ने ÷सी-विजिल एप÷ का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिये, ताकि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला सामने आने पर नागरिक तत्काल मौके से ही उसकी शिकायत मोबाइल एप से कर सकें। श्री राजन ने बैठक में मतदान दिवस की तैयारियों की जिले वार समीक्षा भी की। उन्होंने 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं एवं दिव्यांग मतदाताओं को मतदान की सुविधा संबंधी व्यवस्थाओं के भी व्यापक प्रचार के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ऐसे निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान दलों के साथ-साथ से टर अधिकारियों को भी ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट मशीनों को आपस में कने ट करने हैड्स ऑन ट्रेनिंग दी जाये।

**मतदान प्रतिशत बढ़ाने करें प्रयास**

मु य निर्वाचन पदाधिकारी ने बैठक में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने जिलों में चलाई जा रही स्वीप गतिविधियों का ब्यौरा लिया। उन्होंने ग्रीष्मकाल में मतदाताओं को मतदान केंद्र आकर वोट डालने के लिये प्रेरित करने के लिये स्वीप की गतिविधियों को व्यापक स्वरूप देने के निर्देश दिये। श्री राजन ने मतदान केंद्र के समीप वाहनों की पार्किंग व्यवस्थायें करने पर जोर दिया। उन्होंने शहरी क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा मॉडल बूथ बनाने तथा मतदाताओं को मतदान के लिये प्रोत्साहित करने विभिन्न सामाजिक एवं व्यावसायिक संगठनों की सहभागिता से स्वीप की गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिये। उन्होंने ऐसे क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक करने ÷दस्तक अभियान÷ जैसे विशेष अभियान चलाने पर जोर दिया, जहां पूर्व में हुए निर्वाचनों में औसत से कम मतदान हुआ था। श्री राजन ने कहा कि मतदान प्रतिशत गत विधानसभा चुनाव से अधिक होना चाहिए। उन्होंने मतदाताओं को दी जाने वाली वोटर-स्लिप और एएसडी सूची तैयार किये जाने पर भी चर्चा की। निर्वाचन से जुड़ी प्रत्येक गतिविधि की वीडियोग्राफी भी कराई जाये। उ मीदवारों के निर्वाचन व्यय पर निगरानी रखने के लिये गठित दलों की गतिविधियों पर भी बैठक में चर्चा की गई।

पुलिस महानिरीक्षक कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा तथा राज्य पुलिस नोडल अधिकारी श्री अंशुमान सिंह ने कहा कि चुनाव में उपयोग किए जाने वाले वाहनों का फिटनेस टेस्ट करा लें। वाहनों की कंडीशन अच्छी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सुनिश्चित करें कि जिसको जिलाबदर कर रहे हैं, वह जिले में नहीं रहे। पुलिस कार्यवाही का व्यापक प्रचार प्रसार भी करें। मतदान एवं मतगणना के दौरान सुरक्षा के पु ता इंतजाम करें। छोटी से छोटी घटना को भी नजरअंदाज नहीं करें। बैठक में संयुक्त मु य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश श्री विवेक श्रोत्रिय, आयुक्त भोपाल संभाग डॉ. पवन शर्मा, पुलिस कमिश्नर भोपाल श्री हरिनारायण चारी मिश्र, पुलिस महानिरीक्षक भोपाल, नर्मदापुरम सहित दोनों संभाग के सभी जिलों के कले टर एवं पुलिस अधीक्षक मौजूद थे।

## तीसरा चरण आने के बाद शहर में 30 से ज्यादा नई टंकियां बनाई गइ बावजूद इंदौर में जलसंकट

इंदौर। इंदौर में गर्मी शुरू होते ही जलसंकट गहराने लगा है। नगर निगम को किराए पर टैंकर लेने की नौबत आ गई। 180 पानी के टैंकरों पर अब तीन माह में करोड़ों रुपये खर्च होंगे, जबकि इंदौर में पानी भरपूर रहे, इसके लिए 800 करोड़ रुपये नर्मदा के तीसरे चरण पर खर्च किए जा चुके है, लेकिन शहर में तेजी से हो रही बसाहट के कारण पेयजल की समस्या कम नहीं हो रही है।

अभी भी शहर के कई इलाकों में नर्मदा लाइन नहीं है और वे कॉलोनियां बोरिंगों पर निर्भर है। इस माह जलूद में भी पानी लि ट करने वाले पंप बार-बार बंद होने के कारण लोगों को पानी की परेशानी हो रही है। शनिवार को भी नर्मदा नदी के पास 1400 एमएम की लाइन फूटने के कारण पहले व दूसरे चरण के पंप बंद रहे और शहर के बड़े हिस्से में जलसंकट रहा।

**वार्डों में बढ़ी पानी के टैंकरों की डिमांड**

नर्मदा के तीनों चरणों से 500 एमएलडी पानी इंदौर आता है। इसके अलावा 30 एमएलडी पानी स्थानीय तालाबों से शहर को मिलता है। शहर में दस हजार से ज्यादा सार्वजनिक बोरिंग है। अफसरों का कहना है कि गर्मी में पानी की डिमांड बढ़ जाती है और बोरिंगों में पानी का दबाव कम हो जाता है, इसलिए टैंकरों से जल वितरण की मांग बढ़ जाती है। अभी नगर निगम के 100 टैंकर चल रहे है और 180 टैंकर किराए पर अप्रैल माह से लिए गए है। यह टैंकर जून माह तक इंदौर में चलेंगे। हर वार्ड में दो से तीन टैंकर दिए गए है।

**25 प्रतिशत क्षेत्रों में नर्मदा लाइन नहीं**

नर्मदा का तीसरा चरण आने के बाद शहर में 30 से ज्यादा नई टंकियां बनाई गई, लेकिन नगर निगम सीमा बढ़ने के बाद 29 नए गांव शहर में जुड़ गए। अभी नगर निगम सीमा के 25 प्रतिशत हिस्से में नर्मदा लाइन नहीं है। इनमें बायपास, राऊ, गांधी नगर, एरोड्रम क्षेत्र की कॉलोनियां है।अब नगर निगम नर्मदा के चौथे चरण की तैयारी कर रहा है। इस प्रोजे ट पर ही डेढ़ हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे।

## अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू होगी, मेडिकल के बाद होगा पंजीयन

इंदौर। इंदौर से हजारों लोग हर साल अमरनाथ यात्रा के लिए जाते है। इस साल यात्रा 29 जून से शुरू होगी। यात्रा का पंजीयन वे लोग ही करा पाएंगे, जो स्वस्थ्य है। पंजीयन के पहले स्वास्थ्य विभाग ने मेडिकल टेस्ट शुरू किया है।शनिवार से जिला अस्पताल में मेडिकल टेस्ट शुरू हुआ। डो टरों की पैनल ने जांच की और अब वे रिपोर्ट तैयार करेंगे। पैनल से मिले फिटनेस सर्टिफिकेट के आधार पर लोग अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीयन करा सकेंगे। पहले इंदौर में जेएंडके बैंक के जरिए पंजीयन होते थे, लेकिन अब आनलाइन यात्रा के लिए पंजीयन हो रहे है। सरकार ने अमरनाथ यात्रा के लिए उम्र भी तय की है। 13 वर्ष से लेकर 70 वर्ष की आयुवर्ग के लोग यात्रा कर सकते है।

इंदौर में अमरनाथ यात्रा को लेकर काफी उत्साह है। इंदौर के कुछ मंडल अमरनाथ यात्रा में लंगर भी संचालित करते है। शनिवार से यात्रा के लिए शुरू हुए टेस्ट में शामिल होने के लिए सुबह छह बजे से ही लोग जिला अस्पताल पहुंच गए थे। डो टरों ने उनका टेस्ट किया। सप्ताहभर के भीतर टेस्ट के आधार पर सर्टिफिकेट यात्रियों को मिल जाएंगे। उस सर्टिफिकेट के आधार पर पंजीयन हो सकेंगे। 29 जून से शुरू होने वाली यात्रा में दो रुट होंगे। पंजीयन के समय यात्री दोनों में से किसी एक रुट का विकल्प चुन सकते है।

## साड़ी में सड़क पर उतरीं महिला शक्ति

उज्जैन। उज्जैन जिले की कोठी रोड पर साड़ी पहनकर महिलाएं और युवतियां सड़क पर उतरीं तो लोग देखते ही रह गए। यह अनोखा नजारा रविवार को शहर में देखने को मिला। दरअसल, किड्डू प्ले स्कूल द्वारा शहर में साड़ी रन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर मुकेश टटवाल, नगर निगम सभापति कलावती यादव, समाजसेवी एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सतविन्दर कौर सलूजा, डॉ. जया मिश्रा और संध्या फिरोजिया ने किया। इस अवसर पर ऑ सफोर्ड के डायरे टर दिलीप धनवानी, किड्डू प्ले स्कूल की संचालक हर्षिता धनवानी और पत्रकार डॉ. श्रुति जैन उपस्थित रहीं।

**हर तबके की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया**

साड़ी रन प्रतियोगिता में हर तबके की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। डॉ टर, रिटायर्ड प्रोफेसर, फैशन डिजाइनर, बिजनेस वुमेन और हाउस वाइफ से लेकर स्कूलों लड़कियां और युवतियों ने भी इस प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता का संदेश यह था कि अगर, एक नारी बेहतर तरीके से घर को चला सकती है, साड़ी में काम कर सकती है तो वह साड़ी ने दौड़कर भी दिखा सकती है। महिलाओं ने यह भी दिखाया कि वह अपने काम और स्वास्थ्य को लेकर कितनी सचेत रहती हैं। इस रेस में 300 से अधिक महिलाओं और युवतियों ने हिस्सा लिया।

**महिला फिट रहेगी तो पूरा परिवार फिट होगा- हर्षिता धनवानी**

आयोजक हर्षिता धनवानी ने बताया कि बुजुर्गों ने युवाओं के साथ कदम से कदम मिलाया। दौड़ में सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र बुजुर्ग महिलाएं और छोटी बच्चियां रहीं। बुजुर्ग महिलाओं ने युवाओं के साथ कदम से कदम मिलाकर मैराथन में भाग लिया। उन्होंने कहा कि मैराथन में भाग लेने का उनका उद्देश्य दूसरी बुजुर्ग महिलाओं के अलावा सभी को सेहत के प्रति जागरूक करना रहा। बुजुर्ग होने का मतलब यह नहीं है कि आप लाचार हो गए हैं। अपने आप अपने आप को फिट रखें तो आप किसी पर निर्भर नहीं रहेंगे। यदि घर की महिला फिट रहेगी तो पूरा परिवार फिट होगा।

## रीवा में खुले बोरवेल में गिरे छह साल के बच्चे को नहीं बचाया जा सका



रीवा। मध्य प्रदेश में खुले बोरवेल ने फिर एक बच्चे की जान ले ली। रीवा के त्योंथर स्थित जनेंह के मनिका गांव में बोरवेल के अंदर फंसा 6 वर्षीय मयंक आदिवासी की सांसें आखिरकार थम ही गई। 46 घंटे के जद्दोजहद के बाद NDRF की टीम ने मयंक के शव को बाहर निकाल लिया। शुक्रवार दोपहर वह बोरवेल में गिर गया था।

बता दें कि घटना त्योंथर विधानसभा क्षेत्र के जनेंह स्थित मनिका गांव की है, जहां शुक्रवार दोपहर तकरीबन 3 बजे 6 वर्षीय मयंक आदिवासी घर से कुछ ही दूरी पर गेहूं के खेत अपने दोस्तों के साथ खेलने के लिए गया हुआ था। तभी खेल-खेल में अचानक से वह एक सूखे बोरवेल में जा गिरा। दोस्तों ने घटना के जानकारी मयंक के परिजनों को दी। उन्होंने बोरवेल में झांक कर देखा तो मयंक के रोने के आवाज उन्हें सुनाई दी। उन्होंने खेत के मलिक हीरामनी मिश्रा को बुलाया जिसके बाद हीरामनी मिश्रा ने भी मयंक को रस्सी के सहारे निकालने का प्रयास किया पर वह निकल सका। बाद में हीरामणि वहां से चला गया पिता विजय कुमार का आरोप था की हीरामणि को कई बार फोन किया गया लेकिन उनका फोन बंद था।

घटना की सूचना पाकर प्रशासनिक अमले के साथ पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर डॉ टरों की टीम के साथ ए बुलेंस भी तैनात हुई। मौके पर स्ड्ढश्वक्रस्न और बनारस से आई हृष्ठक्रस्न की टीम सहित आठ जेसीबी मशीनों द्वारा बोरवेल के पास से कुछ ही दूरी पर खुदाई का कार्य शुरू कराया गया था। तकरीबन 46 घंटे तक चले रेस्े यू अभियान में मयंक को सही सलामत बाहर नहीं निकला जा सका। बोरवेल के अंदर फंसे मासूम मयंक की सांसें थम गईं। रेस्े यू टीम ने रविवार की दोपहर तकरीबन 1 बजे मयंक के शव को बोरवेल से बाहर निकाला। डॉ टरों की टीम मयंक के शव को लेकर अस्पताल पहुंची। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया।

**कल से गायब है बोरिंग मालिक**

जानकारी के मुताबिक जिस खेत में खुला हुआ बोरवेल छोड़ा गया था। हादसे के बाद खेत का मालिक गायब है। उधर सीएम भी लगातार रेस्े यू के बारे में जानकारी लेते रहे।

**चार लाख की मदद**

सीएम मोहन यादव ने घटना पर शोक जताया है। उन्होंने ऐ स पर लिखा कि रीवा जिले के मनिका गांव में बोरवेल में गिरे मासूम बच्चे मयंक को प्रशासन के लगातार और अथक प्रयासों के बाद हम नहीं बचा सके। मन अथाह दुःख और पीड़ा से भरा है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं परिजनों को यह गहन दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। पीड़ित बच्चे के परिजनों को रेडक्रॉस की ओर से 4 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। दुख की इस घड़ी में, मैं और मध्यप्रदेश सरकार मयंक के परिजनों के साथ खड़े हैं। इस मामले में जवाबदेही तय करते हुए सीईओ जनपद त्योंथर एवं एसडीओ पीएचई त्योंथर को निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। मेरा आप सभी से अनुरोध है कि ऐसे बोरवेल को ढंक कर रखें, ताकि इस तरह की घटनाओं को भविष्य में रोका जा सके।

## सीएम डॉ. मोहन यादव बोले-भाजपा का संकल्प पत्र अगले पांच वर्ष का विजन डा यमेंट है

भोपाल। डॉ. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर भाजपा ने लोकसभा चुनाव 2024 का संकल्प पत्र (मोदी जी की गारंटी) जारी किया। इस पर मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया दी। मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह संकल्प-पत्र अगले पांच वर्ष के विकास का विजन डो यूमेंट है। इस संकल्प-पत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अगले पांच वर्ष सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का है। यह विजन डो यूमेंट भी भाजपा ने संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर जारी किया है, जो यह बताता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दलित, वंचित, शोषित व सर्वहारा वर्ग के लिए भाजपा सरकार आगे लगातार कार्य करती रहेगी। संकल्प-पत्र में जो बाते कही गई हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार उन सभी बातों को पूरा करेगी।

**संकल्प-पत्र में 2047 का विकसित भारत निहित है**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने आज संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जन्म-जयंती पर अपना संकल्प-पत्र जनता के सामने प्रस्तुत किया है। इस संकल्प-पत्र को लेकर हम सब संकल्प ले सकते हैं कि अगले पांच वर्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में गरीब कल्याण, सेवा, सुशासन को समर्पित होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत को विकसित बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। इस संकल्प-पत्र में 2047 का विकसित भारत निहित है। भारतीय जनता पार्टी जो संकल्प लेती है उस संकल्प को पूरा करती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश को विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया गया है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता इस दिशा में काम करेगा।

# भाजपा संकल्प पत्र मोदी की गारंटी का दस्तावेज है - श्रीकांत

सिवनी यशो:- भाजपा का संकल्प पत्र देश के साथ-साथ मध्यप्रदेश के विकास को भी गति देगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी हर गारंटी के पूरे होने की गारंटी है और यह संकल्प पत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी का दस्तावेज है, जिसमें देश के साथ मध्यप्रदेश के विकास को भी गति देने वाले प्रावधान हैं। उक्ताशय की बात भाजपा मीडिया प्रभारी श्रीकांत अग्रवाल द्वारा आगामी लोकसभा के लिए भाजपा द्वारा जारी किए गए संकल्प पत्र पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कही गई।

### देश में केवल चार जातियाँ

श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अनुसार देश में सिर्फ चार जातियां हैं। हमारे युवा, देश की नारीशक्ति, देश का अन्नदाता और देश के गरीब। भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए जो संकल्प पत्र जारी किया है, उसमें इन चारों जातियों यानी समाज के हर वर्ग के जीवन बदलाव लाने तथा उसे बेहतर बनाने का सकंल्प है।

### यही समय है सही समय है

श्री अग्रवाल ने कहा कि, भाजपा का संकल्प पत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी की भी गारंटी



है। पहले घोषणा पत्र आते थे, लेकिन अब मोदी जी ने इसे संकल्प पत्र नाम दिया है। घोषणा कभी-कभी पूरी नहीं होती थी, लेकिन जिस चीज का संकल्प ले लिया उसे हर हाल में पूरा करना ही है। भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव में भी संकल्प पत्र जारी किया था और उन संकल्पों को पूरा करने का काम प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के नेतृत्व में प्रदेश की सरकार ने किया है। अब लोकसभा चुनाव में भी भाजपा ने संकल्प पत्र जारी किया है और इन संकल्पों को भी पूरा किया जाएगा। मोदी जी बोलते हैं, ÷यही समय है सही समय है÷। निश्चित रूप से यह भाजपा के संकल्प पत्र को लेकर आगे बढ़ने का सही समय है और हम इस समय का सदउपयोग करेंगे। पिछले 10 वर्षों में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश और




देशवासियों का विश्वास जीता है, अपनी साख बनाई है।

### चंद्रयान के बाद गगनयान की सफलता भी देखेंगे

श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो भी कहा उसे हर हाल में पूरा किया। उन्होंने कहा था कि देश-प्रदेश के प्रत्येक गरीब को मकान दिया जाएगा। उनके कार्यकाल में 4 करोड़ से अधिक लोगों को पक्के मकान दिए गए हैं। शहरी क्षेत्र, ग्रामीण क्षेत्र हर जगह प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को पक्की छत उपलब्ध करवाई गई है। मध्यप्रदेश में भी सबसे ज्यादा शहरी क्षेत्र के मकान उज्जैन जिले को दिए हैं। पार्टी के संकल्प पत्र ने यह बता दिया है कि हमारे लिए प्राचीन ज्ञान, आधुनिक विज्ञान और रोजगार का भी महत्व है और विकास का संकल्प भी पूरा है। हमने देश में चंद्रयान की सफलता भी देखी है और अब गगनयान का गौरव भी हासिल करेंगे।

### मध्यप्रदेश में चार करोड़ आयुष्मान योजना के कार्ड बने

श्री अग्रवाल ने कहा कि आने वाले दो सालों में मध्यप्रदेश के हर लोकसभा क्षेत्र में एक मेडिकल कॉलेज की सौगात दी जाएगी। मेडिकल फैसिलिटी से रोजगार और जीवन भी देने के लिए आयुष्मान योजना के माध्यम से एयर एंबुलेस की सुविधा दी गई है। मध्यप्रदेश में साढ़े 8 करोड़ की जनता में साढ़े 4 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाये गये। अभी तक गरीबी रेखा वालों को आयुष्मान कार्ड मिलता है, अब 70 साल से उपर के हर व्यक्ति को इसका लाभ मिलेगा। इसके अलावा मोदी जी ने गरीबी रेखा, मध्यम वर्ग और अन्य लोगों को भी आयुष्मान कार्ड से जोड़ने का संकल्प लिया है।प्रधानमंत्री श्री मोदीजी के नेतृत्व में अब देश ने कई क्षेत्रों में तरक्की की है। भाजपा ने संकल्प पत्र के माध्यम से देश के स्वाभिमान के साथ ही युवाओं को रोजगार, गरीबों को काम सहित अन्य क्षेत्रों का भी ध्यान रखा है।

### 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र

श्री अग्रवाल ने कहा कि संकल्प पत्र में बड़े पैमाने पर ग्रामीण रोजगार आधारित संभावनाएं जोड़ी गई हैं। देश के साथ ही मध्यप्रदेश में भी ग्रामीण रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश में खेती के साथ पशुपालन, मछली पालन में भी बड़ी संभावनाएं हैं। श्री अग्रवाल ने कहा कि,वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए भी केंद्रीय नेतृत्व ने जो संकल्प पत्र जारी किया है, उसका भी पूरी तरह पालन किया जाएगा, वह प्रधानमंत्री मोदी जी की गारंटी का पत्र है। पार्टी के संकल्प पत्र में भारत का श्रेष्ठ बनाने का निश्चय है, तो 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का रोड मैप भी है। मोदी जी ने देश में सिर्फ चार जातियां बताई हैं, युवा, गरीब, किसान और महिलाएं। पार्टी का संकल्प पत्र इन सभी के विकास को समर्पित है। पार्टी का संकल्प पत्र सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के अगले पांच वर्षों का मार्ग प्रशस्त करेगा।

### संकल्प पत्र में प्रमुख बिंदु है, जीवन बदल देंगे

श्री अग्रवाल ने कहा कि वैसे तो पार्टी का संकल्प पत्र अत्यंत व्यापक है, लेकिन उसके 10 प्रमुख प्रावधान ऐसे हैं, जो प्रदेश के लोगों के जीवन को भी प्रभावित करेंगे। इसमें देश के विकास का जो ताना-बाना बुना गया है, उसमें मध्यप्रदेश की भी बड़ी भूमिका रहने वाली है। प्रदेश में बुजुर्ग नागरिकों की सं या काफी है और संकल्प पत्र में 70 साल से ऊपर के प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पांच लाख रुपये तक का मु त इलाज उपलब्ध कराने का प्रावधान है। कोरोना संकट के समय से गरीबों को मु त राशन की जो योजना शुरू की गई थी, उसे आगे भी जारी रखा जाएगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने पहली बार शपथ लेने के बाद ही कहा था कि मेरी सरकार गरीबों को समर्पित होगी और अंत्योदय के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पार्टी के संकल्प पत्र में 3 करोड़ प्रधानमंत्री आवास देने का लक्ष्य रखा गया है। श्री शर्मा ने कहा कि समाज के जिन वर्गों को अभी तक किसी ने नहीं पूछा, उनको मोदी जी ने भाजपा के संकल्प-पत्र के माध्यम से पूजने का निश्चय व्यक्त किया है। मुद्रा लोन में 20 लाख रुपये तक की लिमिट तय की गई है। सीएए और वन नेशन, वन इले शन जैसे कानूनों को लागू करने की बात कही गई है, जिनका लाभ पूरे देश को मिलेगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने संकल्प पत्र में सूर्यघर योजना की बात कही है, जिसमें लोगों को सोलर पैनल के माध्यम से मु त बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। इससे देश ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से आत्मनिर्भर होगा। उन्होंने कहा कि किसानों की बेहतरी के लिए संकल्प पत्र में न्यूनतम समर्थन मूल्य और किसान स मान निधि योजना को जारी रखने की बात कही गई है। इसके साथ ही रेल सुविधाओं के विकास के लिए बुलेट ट्रेन और वंदे भारत के विस्तार की बात भी कही गई है।

### भारत के प्रति दुनिया का भरोसा बढ़ा है

श्री अग्रवाल ने कहा कि बीते 10 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने जो काम किए हैं, उनसे सारी दुनिया में भारत के प्रति भरोसा बढ़ा है। विदेशों में रहने वाले भारतीय आज गौरव की अनुभूति कर रहे हैं और भारत सारी दुनिया में लोकतंत्र की जननी के रूप में स्थापित हुआ है। चाहे राम मंदिर का निर्माण हो, धारा 370 हटाना हो, ट्रिपल तलाक विरोधी कानून या नागरिकता संशोधन कानून हो या फिर महिला आरक्षण बिल हो, मोदी सरकार के इन ऐतिहासिक कामों से भारत विश्व में मानवता की प्रबल पक्षधर शक्ति के रूप में उभरा है। मोदी सरकार के इन कामों ने सारी दुनिया में एक अमिट छाप छोड़ी है।

## स्वीप प्लान के अंतर्गत आई टी आई कॉलेज छपारा में बनाया गया सेल्फी पॉइंट




छपारा यशो:- जिला निर्वाचन अधिकारी क्षितिज सिंघल की प्रेरणा व मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में स्वीप प्लान के अंतर्गत आई टी आई कॉलेज छपारा में सेल्फी पॉइंट बनाया गया है।कॉलेज प्राचार्य नलिन तिवारी ने बताया कि कॉलेज परिसर में एक जिला-एक उत्पाद के अंतर्गत निर्मित सीताफल का स्कल्पचर जनमानस के मध्य सेल्फी पॉइंट के रूप में उभरा है इसके समक्ष ही मतदाता जागरूकता के लिए सेल्फी पॉइंट का निर्माण किया गया है जिससे एक साथ मतदाता जागरूकता व सीताफल स्कल्पचर के साथ सेल्फी ली जा सकती है यह सेल्फी पॉइंट जनमानस के मध्य लोकप्रिय हो रहा है। मोबाइल के विकास के बाद विशेषतः युवा वर्ग में सेल्फी का आकर्षण बहुत तेज़ी से बढ़ रहा है। आई टी ऑफिसर संजय उईके ने कहा कि सेल्फी आत्मविश्वास में अभिवर्द्धि में महत्त्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करती है। लोकतंत्र का सफलता में मतदान महत्वपूर्ण कारक है। स्वीप प्लान नोडल अधिकारी यशवीन ठाकुर ने कहां इस सेल्फी पॉइंट के माध्यम से जनमानस को मतदान के लिए प्रेरित करने का संस्था परिवार का प्रयास है। छात्रा पूर्वी ने कहा कि मतदान हमारा अधिकार ही नही वरन कर्तव्य भी है। छात्र जतिन ठाकुर ने कहा कि मतदान के महत्व को आम जनता तक पहुचाने का भरसक प्रयास करेंगे।

## नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर कले टर सिंघल ने की निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा




सिवनी यशो:- लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी क्षितिज सिंघल ने निर्वाचन नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा की। कले टर श्री सिंघल ने नोडल अधिकारीवार सौपें गए निर्वाचन कार्य की प्रगति की जानकारी लेकर अधिकारियों को विस्तृत दिशा निर्देश दिये।कले टर श्री सिंघल ने मतदान दलों, से टर अधिकारियों, माइक्रो ऑब्जर्वर के अंतिम चरण के प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश प्रशिक्षण प्रभारी को दिये। इसी तरह कले टर श्री सिंघल ने मतदान सामग्री वितरण की तैयारियों की भी समीक्षा करते हुए सामग्री वितरण स्थल पॉलिटेि नक कॉलेज परिसर में सभी व्यवस्था पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने मतदान दलों को उनके मतदान केंद्र तक सकुशल एवं सुविधाजनक रूप से पहुचानें के लिए पर्याप्त वाहन व्यवस्था एवं केन्द्रवार रूट चार्ट बनाने के निर्देश दिए। कले टर श्री सिंघल ने प्रत्येक वाहन में जीपीस ट्रेकिंग व्यवस्था रखने तथा रुट प्रभारी की नियुक्ति करने के लिए निर्देशित किया। कले टर श्री सिंघल ने सामग्री वितरण स्थल पर व्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था, मेडिकल जांच व्यवस्था तथा विधानसभावार सामग्री वितरण एवं वापसी की व्यवस्था रखने के निर्देश दिये। उन्होंने सामग्री वितरण एवं वापसी स्थल में डाक मतपत्र की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए।

कले टर श्री सिंघल ने मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को मतदान दलों तथा अन्य निर्वाचन कर्मियों के लिए आकस्मिक स्वास्थ्य सुविधा की व्यवस्था के लिए जोनल अधिकारी के साथ पैरामेडिकल स्टाफ की नियुक्ति करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक दल को मेडिकल किट भी उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने आयोग के निर्देशानुसार शिकायत सेल, सी-विजिल पोर्टल तथा कंट्रोल रूम से प्राप्त सभी शिकायतों का सर्व प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देशित किया। उन्होंने मतदान के 48 घण्टे पूर्व की जाने वाली सभी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश स बन्धित अधिकारियों को दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय, अपर कले टर श्री सीएल चनाप सहित सभी नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

## मंडला लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी फग्गन सिंह कुलस्ते ने छपारा मंडल में किया जनसंपर्क



छपारा यशो:-मंडला लोकसभा क्षेत्र की फग्गन सिंह कुलस्ते ने केवलारी विधानसभा क्षेत्र के छपारा मंडल में पैदल जनसंपर्क किया उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कनिष्ठ देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे भाजपा के मंडला लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी फग्गन सिंह कुलस्ते का जगह-जगह पर स्वागत किया गया अवसर पर मु य रूप से जिला अध्यक्ष श्री आलोक दुबे पूर्व विधायक श्री राकेश पाल , जिला महामंत्री जयदीप सिंह ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह, जनपद सदस्य श्री पीतेंद्र सिंह ठाकुर, सिवानी विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि शक्ति केंद्र संयोजक घनश्याम कौशले, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती निशा पटेल, नगर परिषद उपाध्यक्ष ठाकुर शिवकांत सिंह पार्षद निर्मला पप्पू ठाकरिया ,श्री आनंद पंचवानी, ठाकुर मेहताब सिंह , डॉ संजय दुबे मंडल अध्यक्ष पंकज जोलदेव ,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अंकित तंतुवय, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक राघवेंद्र पाठक , सोहन कश्यप किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष,सहित सभी बूथों के प्रभारी , सोशल मीडिया मंडल संयोजक विकास सैयाम , सुनील गोयल , लक्ष्मीकांत अग्रवाल , सहित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ ,कनिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## कांग्रेस की गारंटी- महिलाओं एवं बेरोजगारों को एक लाख रूपये हर वर्ष - जीतू पटवारी

**भाजपा झूठे वायदे करती, कांग्रेस प्रत्याशी सम्राट अशोक को जिताएँ**

सिवनी यशो:- बालाघाट लोकसभा के प्रत्याशी सम्राट अशोक सिंह सरस्वार के समर्थन में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी सभा लेने श्री तीर्थ समुंद्रराजा बखारी पंहुचे, वहॉ के लोगो में पटवारी जी के आगमन को लेकर बहुत ही उत्साह था, पार पारिक आदिवासी नृत्य से स्वागत किया गया। बहुत बडी सं या में लोग उपस्थित थे श्री पटवारी के आते ही जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने उन्हें सभा के स बोधन के लिए आमंत्रित किया` योंकि मौसम खराब हो रहा था, श्री पटवारी ने कहा कि हर चुनाव में भाजपा आपसे झूठे वादे करती है विधानसभा में भाजपा ने घोषणा की थी कि किसानों की धान 3100 रू. क्विंटल में एवं गेहूँ 2700 रू क्विंटल में खरीदी जायेंगी, रसोई गैस सिलेंडर 450 रू. में दी जायेंगी, लाड़ली बहनों को 3000 रू. प्रति माह दिये जायेंगे, किन्तु यह सब आपको नही दिया गया। कांग्रेस पार्टी आपको गारंटी दे रही है केन्द्र में कांग्रेस सरकार बनने पर 3100 रू. धान, 2700 रू. गेहूँ, 450 रू. में रसोई गैस एवं गरीब परिवार की महिलाओं को 1 लाख रू. प्रति वर्ष, शिक्षित युवाओं को 1 लाख रू. वेतन की नौकरी, श्रमिकों को 400 रू. प्रति दिन मजदूरी, किसानों को कर्जमाफी, समर्थन मूल्य की गारंटी, महुआ 100 रू. प्रति किलो की दर से खरीदा जायेंगा।

सीधे सादे स्वभाव के कांग्रेस प्रत्याशी सम्राट अशोक सिंह सरस्वार को विजयी बनाये मैं आपके क्षेत्र में दोबारा फिर आउंगा और श्री तीर्थ समुंद्रराजा में पूजा पाठ कर आपके साथ समय बिताउंगा। कांग्रेस प्रत्याशी सम्राट अशोक सिंह सरस्वार जी ने आम सभा को स बोधित करते हुये कहा कि आप कांग्रेस पार्टी का समर्थन कीजिए आने वाली 19 तारीख को पंजे की तीन न बर की बटन दबाकर क्षेत्र के विकास के लिए अपना आर्शीवाद दे।

**भाजपा जिन्हें अपनी उपलब्धि बता रही है वह कांग्रेस के 70 सालो की मेहनत है - खुराना**

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने सभा को स बोधित करते हुये भाजपा ने केवल योजनाओं के नाम बदलने का काम किया है इंदिरा आवास को प्रधानमंत्री आवास, निर्मल भारत को स्वच्छ भारत, योजना आयोग को नीति आयोग और भी ऐसी अनेक कांग्रेस सरकार की योजनाओं का नाम बदलकर यह बताना चाहते कि विकास सिर्फ 10 सालो में हुआ है, यदि 70 सालो में कुछ नही होता तो` या ऐ काम कर पाते, ये सरकार सिर्फ बदले की भावना से काम कर रही है चुन-चुन कर राजनैतिक विरोधियों को निशाना बना रही है ऐसी तानाशाह सरकार को बदलना अति आवश्यक है। केवलारी विधायक ठाकुर रजनीशसिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा ही सबका साथ-सबका विकास किया है विशेषकर आदिवासियों के लिए नौकरी में आरक्षण से लेकर उनकी जमीने बचाना, उनके लिए अनेक योजनाएँ लागू करना, आदिवासी अंचलो में छात्रावास, शैक्षणिक संस्थाए, सड़के, बांध, बिजली, पानी पर विशेष ध्यान दिया गया। भाजपा सरकार में आदिवासियों पर अत्याचार बढ़े है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस, ब्लाक कांग्रेस, वरिष्ठ कांग्रेस जन, मंडलम, से टर, बूथ, बीएलए, मोर्चा संगठन, प्रकोष्ठ, विभाग के अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं सहित बडी सं या में आम जनों की उपस्थिति रही।

## नगर में मनाया गया संविधान के रचयिता बाबा साहेब आंबेडकर की जन्म जयंती समारोह,



छपारा यशो:- 14 अप्रैल को दोपहर नगर संत रविदास भवन में भारतीय संविधान के रचयिता भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अ बेडकर की 134 वीं जन्म जयंती समारोह मनाई गई।

विदित हो कि देश के महानायक हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए संविधान का निर्माण करने वाले महापुरुष बी.आर.अंबेडकर का जन्म जयंती समारोह श्रृद्धा पूर्वक मनाया गया।

इस अवसर पर उपस्थित सेवानिवृत्त शिक्षक उदय सिंह कुरचे,सतेंद्र बरकडे,योगेश शिववेदी, आर्य बौद्ध ,लक्ष्मण अहिरवार सहित अनिल जरगे के द्वारा अपने व्यक्तव्य में बाबा साहेब के आदर्शों और विचारों को अपने जीवन में समाहित कर हर अच्छी बुरी परिस्थितियों में मजबूत रह कर जीवन जीने की बात कही। साथ ही अपने आत्म स मान व मूल्यों को हमेशा सहेज कर रखना चाहिए इसके अलावा बच्चों को बेहतर शिक्षा और संस्कार देकर उनके जीवन को उज्जवल भविष्य की ओर शिखर पर ले जाने के प्रेरित करने की बातें कहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 3 बजे संत रविदास भवन में हुआ जहां बाबा साहेब के छायाचित्र के समक्ष केंडल जलाकर,केक काटकर एवं पुष्प अर्पित कर जन्म जयंती समारोह मनाया गया।

## राम नाम के नाम पर बोए गए ज्वारे

### काली मंदिर में स्थापित 98 मनोकामना कलश



सिवनी यशो:- श्री अनंत विभूषित माता महाकाली मंदिर भैरोगंज में चैत्र नवरात्रि पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है द्य यहां बड़ी सं या में श्रद्धालुजन माता रानी के दर्शन, पूजन अर्चन करने पहुंच रहे है द्य मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद आत्मपूज्य ने बताया कि इस वर्ष काली मंदिर में समिति द्वारा राम नाम के नाम पर मनोकामना ज्योति कलश एवं ज्वारे बोए गए है, जो आकर्षण केंद्र बना हुआ है द्य मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा 96 मनोकामना ज्योति कलश एव 2 खप्पर रखें गए है द्य मंदिर के पुजारी नमन अवस्थी ने बताया कि 16 अप्रैल मंगलवार को दुर्गा अष्टमी के अवसर हवन पूजन का कार्यक्रम शाम 4 बजे से प्रारंभ होगा, तत्पश्चात् महाआरती के बाद महाप्रसाद वितरित किया जाएगा द्य इसी तरह 17 अप्रैल रामनवमी को सुबह 9 बजे से विशाल कलश शोभा यात्रा निकाली जाएगी द्य शाम को कन्याभोज के बाद कार्यक्रम का समापन होगा द्य

## जिला कांग्रेस ने भीमराव अ बेडकर जी की जयंती मनायी

सिवनी यशो:- आजा जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन सिवनी मे देश के संविधान निर्माता, भारत रत्न, सामाजिक समरस्ता के अग्रदूत बाबा साहेब डा. भीमराव अ बेडकर जी की जयंती मनायी गई। बाबा साहेब ने अछूतो एवं सामाजिक भेदभाव के विरूद्ध अभियान चलाकर इनके अधिकारों की रक्षा की साथ ही देश की महिलाओं पर हो रहें अत्याचारों को लेकर महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए पुरजोर समर्थन किया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री राजकुमार खुराना ने बाबा साहेब के छायाचित्र पर दीपप्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया। साथ में उपस्थित सभी कांग्रेस जनों ने बाबा साहेब के



छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किया। जिला कांग्रेस प्रवक्ता जेपीएस तिवारी ने जारी विज्ञप्ति में बाताया कि मध्यप्रदेश के लिए यह सौभाग्य की बात है कि बाबा साहेब जैसे महापुरूष का जन्म हमारे प्रदेश के जिले महू में 14 अप्रेल 1891 में हुआ था। बाबा साहेब ने बचपन से ही संघर्षो में रहकर अपना जीवन यापन किया। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अ बेडकर ने अपने जीवन में आई समस्त विपतियों एवं चुनौतियों का डटकर सामना किया और देश के दलित, शोषित वर्ग के लोगो को स मान से जीने का अवसर प्रदान करवाने का प्रयास किया। प्रतिकुल परिस्थितियों के बावजूद बाबा साहेब ने शिक्षा से अपना ध्यान नही हटाया आप प्रतिभाशाली विद्यार्थी थे। बाबा साहेब ने प्रारंभिक शिक्षा के बाद मु बई विश्वविद्यालय से बीए, कोलंबिया विश्वविद्यालय से एमए. पीएचडी, एलएलडी, नंदनस्कूल ऑफ इकानामी से एमएससी, बीएससी, ग्रेजइंन बैरिस्टर एट लॉ की पढ़ाई की। बाबा साहेब विधिवेता, अर्थशास्त्री, राजनैतिक, शिक्षाविद, दार्शनिक, लेखक, पत्रकार, समाज शास्त्री, मानव विज्ञानी,धर्मशास्त्री, इतिहासविद, प्रोफेसर, स पादक के साथ साथ बाबा साहेब अनेक सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों से जुडे रहें। बाबा साहेब कुल 64 विषयों में मास्टर थे, 9 भाषाओं के जानकार थे इसके साथ ही उन्होंने विश्व के सभी धर्मो के बारे में अध्यन किया। इसीलिए बाबा साहेब डॉ. भीमराव अ बेडकर को भारतीय संविधान के जनक के रूप में जाना जाता है। 1949 को लिखित संविधान के रूप में भारत का संविधान अंगीकृत किया गया। जयंती के अवसर पर पंकज शर्मा, ब्रजेशसिंह लल्लू बघेल, जेपीएस तिवारी, विष्णु करोसिया, सुधीर जैन, अतुलचंद मालू, दीवान आजम अली, गेंदलाल भलावी, राजिक अकील, राजेश मानाठाकुर, राजकुमार ठाकुर, सुमित मिश्रा, अशोक गोखले, शशिभूषण बघेल, ओमकार राय, एड़ शाहिद रज, टिकेन्द्र देशमुख, धनंजयसिंह, श्रीमति सुनीता वर्मा, श्रीमति पवन रेखा रिनायत, रहिम शाह, सतेन्द्र बघेल, हुकुमचंद, जमना सनोडिया, तनिश श्रीवास, सहित बडी सं या में कांग्रेस जन उपस्थित रहें।

# एक टीम के रूप में संपन्न कराएं निर्वाचन कार्य – डॉ. सिडाना

**निवास विधानसभा के मतदान दलों का तृतीय प्रशिक्षण स पन्न**

मंड्ला यशोः- लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की तैयारियों के तहत मण्डला विधानसभा के मतदान दलों का तृतीय प्रशिक्षण शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित किया गया जिसमें मतदानकर्मियों को मतदान केन्द्र प्रबंधन, ईव्हीएम मशीन का संचालन, मॉकपोल, टेगिंग आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण करते हुये संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।



मतदान दल के सदस्यों को संबोधित करते हुये कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि दल के सभी सदस्य मतदान की पूरी प्रक्रिया को समझें और सौंपे गये कार्य को एक टीम के रूप में पूरा करें। प्रशिक्षण के दौरान ईव्हीएम मशीन संचालित करें। मॉकपोल करके देखें। अपनी शंका और जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन से संबंधित प्रत्येक कार्य महत्वपूर्ण होते हैं जिनमें किसी भी प्रकार की लापरवाही के लिये कोई स्थान नहीं है, किन्तु मतदान केन्द्र में जाकर वोटिंग की स पूर्ण कार्यवाही को बेहतर ढंग से स पादित करना सर्वाधिक महत्वपूर्ण कार्य होता है। उन्होंने मास्टर ट्रेनर्स को प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को ईव्हीएम मशीन की संचालन प्रक्रिया सीखने के लिये पर्याप्त अवसर प्रदान करने के निर्देश दिये। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, सहायक कले टर रवि कुमार सिहाग सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# श्री राम दरबार की स्थापना के साथ आरभ हुआ रामनवमीं पर्व



**संगीतमय महाआरती का हो रहा आयोजन**

सिवनी यशोः- जिला मु यालय में आगामी 17 अप्रैल को होने वाले रामनवमीं पर्व के लिये तैयारी अंतिम दौर में है। श्रीराम जन्मोत्सव समिति के तत्वाधान में रामनवमीं उत्सव शनिवार से 4 दिवसीय आयोजन आरंभ हो गए है। बीते शनिवार की शाम 7 बजे गांधी चौक शुक्रवारी बाजार सिवनी में भगवान श्री राम, लक्ष्मण, माता जानकी व पवन पुत्र हनुमान जी विशाल मुति के साथ श्री राम दरबार की स्थापना विधि विधान से प्रकांड पंडितो ने मंत्रोउच्चार के साथ की। इसके बाद रात 9 बजे बाल रूप हनुमान मन्दिर समिति की भजन मंडली के साथ हजारों महिला, पुरुष, युवाओं व भक्तों ने भगवान श्री राम जी की सामूहिक सगीतमय महाआरती की। इस दौरान बड़ी सं या में नारी शक्ति भी उपस्थित थी।

श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा बताया गया कि 13 अप्रैल से 16 अप्रैल तक हर दिन रात 9 बजे से भगवान श्री राम की संगीतमय आरती आयोजित होगी, समिति ने सभी सनातनीयों से इस महाआरती में शामिल होकर धर्म लाभ कमाने का आग्रह किया है।

विदित हो कि रामनवमीं के दिन नगर में विशाल शोभायात्रा भी निकाली जाएगी, जो श्री राम मंदिर गांधी चौक से आरंभ होगी। आगामी 17 अप्रैल को राम मंदिर परिसर में भगवान राम लला का जनमोत्स्व कार्यक्रम सुबह 8 बजे से आरंभ हो जाएगा, दोपहर हवन पूजन के बाद प्रसाद वितरण होगा जबकि शाम 4 बजे विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। समिति द्वारा समस्त धर्मप्रेमियों से आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने का आग्रह किया गया है।

## श्री राम दरबार में प्रात: कालीन आरती उतार रहे जिला युवा संधि के स्वयंसेवी

सिवनी यशोः- जिला मु यालय के हृदय स्थल शुक्रवारी चौक में श्री राम जन्मोत्सव समिति एवं हिन्दु उत्सव समिति के तत्वाधान में आयोजित होने वाले श्री राम नवमीं कार्यक्रम के पूर्व भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित करके प्रतिदिन भक्तिभाव के साथ सुबह-शाम संगीतमय आरती का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत प्रतिदिन सुबह की आरती जिला युवा संधि एवं शिव मंदिर भजन मंडल के द्वारा प्रातः 8 बजे की जा रही है। इस महाआरती कार्यक्रम में सैकड़ों की सं या में सनातन धर्मी उपस्थित होकर भगवान श्रीराम एवं राम दरबार के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण कर पुण्यलाभ अर्जित कर रहे है। जिला युवा संधि द्वारा समस्त सनातन धर्मियों से प्रति दिन होने वाली सुबह-शाम की आरती में अधिक से अधिक सं या में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। साथ ही रामनवमीं पर्व पर आयोजित होने वाली विशाल शोभायात्रा में पहुंचकर शोभायात्रा को भव्य और दिव्य रूप देने का आग्रह भी जिला युवा संधि के सदस्यों के द्वारा किया गया है।



# कले टर एवं एसपी ने लिया मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी की तैयारियों का जायजा

मंडला यशोः- कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना एवं पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने शासकीय पॉलीटे नक महाविद्यालय में सामग्री वितरण एवं सामग्री जमा करने के स्थल तथा पार्किंग व्यवस्था के संबंध में की जा रही तैयारियों का जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी तैयारियाँ 15 अप्रैल तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें। सामग्री प्राप्त करने आ रहे मतदानदलों की सुविधा के लिए पर्याप्त सं या में स्पष्ट संकेतक लगाएं। संकेतकों में विधानसभावार रंगों का उपयोग करें। पर्याप्त मात्रा में पंखा एवं कूलर की व्यवस्था करें। साउंड सिस्टम की व्यवस्था केन्द्रीयकृत तथा विधानसभावार करें। उन्होंने सामग्री वितरण, से टर अधिकारियों की बैठक व्यवस्था, भोजन एवं पेयजल व्यवस्था, शौचालय आदि की तैयारियों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान अपर कले टर राजेन्द्र कुमार सिंह, सहायक कले टर रवि कुमार सिहाग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा, संयुक्त कले टर अरविंद सिंह, ऋषभ जैन एवं हुनेन्द्र घोरमारे, ईईपीआईयू जीपी पटले सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि सभी तैयारियाँ 15 अप्रैल तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें।



# "प्रत्येक वोट जरूरी है" पर राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता

## प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए प्रविष्टि भेजने की अंतिम तारीख 25 अप्रैल है

**विजयी प्रतिभागियों को यह मिलेगी पुरस्कार राशि**

**प्रथम पुरस्कार – 51,000 एवं प्रमाण पत्र**
**द्वितीय पुरस्कार -21,000 एवं प्रमाण पत्र**
**तृतीय पुरस्कार - 11,000 एवं प्रमाण पत्र**
**10 प्रतिभागियों को 5,100-5,100 रुपये का विशेष पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिया जाएगा।**

**नियम एवं शर्तें**

**प्रतिभागी को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए।**
**एक प्रतिभागी की एक प्रविष्टि अधिकतम 25 से 30 शब्दों की मान्य होगी।**
**प्रविष्टि मौलिक, अर्थपूर्ण एवं हिंदी भाषा में होना चाहिए।**
**प्रविष्टि में किसी भी उत्तेजक या आपत्तिजनक शब्द का प्रयोग नहीं होना चाहिए।**
**प्रतिभागी प्रविष्टि के साथ अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी भी जरूर लिखें।**
**पुरस्कार के लिए श्रेष्ठ प्रविष्टि का चयन मु य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा गठित राज्य स्तरीय चयन समिति द्वारा किया जाएगा। चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा।**
**प्रतियोगिता के लिये प्रविष्टि भेजने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल 2024 है।**

भोपाल। मु य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान का प्रतिशत बेहतर हो, इसके लिए मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत ÷प्रत्येक वोट जरूरी है÷ विषय पर राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार राशि देकर स मानित किया जाएगा। इसके साथ ही 10 प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार से स मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्राप्त प्रविष्टियों के मूल्यांकन के लिए एक राज्य स्तरीय चयन समिति का गठन भी किया गया है। चयन समिति के मूल्यांकन के बाद परिणाम घोषित किये जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों को अपनी प्रविष्टि द्वश्च.द्व4द्दश्1.द्वठ्ठ पोर्टल पर भेजनी होगी। इसके साथ ही प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी मु य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेगी। गुरूवार 25 अप्रैल तक प्रतिभागी अपनी प्रविष्टि भेज सकेंगे।

# नरसिंहपुर को हराकर फायनल में पहुंची सिवनी की अंडर-13 टीम

## एकांश तिव्हन ने बनाया 74 रन : भुनेश परिमल को मिले 05 विकेट

सिवनी यशोः- अंडर-13 इंटर डिस्ट्रि ट क्रिकेट टुर्नामेंट में सिवनी की टीम के खिलाडियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए नरसिंहपुर टीम को हराकर फायनल में प्रवेश किया। जबलपुर में चल रही प्रतियोगिता में सिवनी की टीम ने 48 ओवरों में 10 विकेट खोकर 182 रन बनाए थे जिसमें सिवनी टीम की तरफ से एकांश तिव्हन ने 78 गेंद ने 74 रनों का योगदान दिया जबकि रूशील खेड़ीकर ने 46 गेंद में 34 रन बनाए। नरसिंहपुर की तरफ से संजोग ने 5 विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने आई नरसिंहपुर की टीम 39 ओवरों में 10 विकेट खोकर 87 रन ही बना पाए। नरसिंहपुर की तरफ से सचिन ने 45 रन बनाए जबकि वैदिक ने 13 रन बनाए। सिवनी टीम की तरफ से घातक गेंदबाजी करते हुए भुनेश परिमल ने 08 ओवरों में 15 रन देकर 05 विकेट झटके जबकि रूशील खेडीकर ने 12 ओवरों में 36 रन देकर 03 विकेट झटके व देवदत्त माना ठाकुर ने 03 ओवरों में 15 रन देकर 2 विकेट झटके। इस तरह सिवनी की टीम ने 95 रन और एक इनिंग से जीत मिली। नरसिहंपुर की टीम को हराकर सिवनी की टीम ने फायनल में प्रवेश किया।



# अभिनेता राजा बुंदेला ने भाजपा प्रत्याशी फग्गन सिंह कुलस्ते के साथ किया मण्डला नगर में चुनावी जनसंपर्क

**ब हनी, नैनपुर नगर में कुलस्ते के जनसंपर्क के दौरान उमड़ा जनसमूह**

**भाजपा प्रवक्ता नेहा बग्गा भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री कुलस्ते के जनसंपर्क कार्यक्रम में हुई शामिल**

मण्डला यशोः- मंडला में भाजपा लोकसभा प्रत्याशी फग्गन सिंह कुलस्ते ने रविवार को मंडला नगर में पैदल जनसंपर्क किया। राजराजेश्वरी मंदिर में पूजन उपरांत नगर के मु य बाजार से होते हुए बुधवारी, सराफा, उदय चौंक, डॉ अ बेडकर चौंक, चिलमन चौक, दीनदयाल चौक, बस स्टैंड से होते हुए लालीपुर चौराहा के राम मंदिर में कार्यक्रम का समापन हुआ। जनसंपर्क के दौरान स्थानीय नागरिकों विभिन्न सामाजिक संगठनों ने जगह-जगह रैली में उपस्थित कार्यकर्ताओं , वरिष्ठ नागरिकों एवं प्रत्याशी का फूल, मालाओं से स्वागत कर भारतीय जनता पार्टी के जयघोष के नारे लगाये।



फग्गनसिंह कुलस्ते के जनसंपर्क में कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, फिल्म अभिनेता राजा बुंदेला, भाजपा प्रवक्ता नेहा बग्गा भी शामिल हुई।

उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक बड़े संकल्प के साथ आगे बढ रहे हैं, जिसमें जनता की भागीदारी होनी चाहिए। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जनता से जो कहा वह करके दिखाया। महिलाओं को सामने रखकर हर योजनाओं को बनाया तथा उन्हें आगे बढ़ाने का कार्य किया है। देश के विकास के साथ विरासत का भी ध्यान रखकर करोड़ो हिंदूओं के आस्था के कें द्र राममंदिर काशीविश्वनाथ कॉरीडोरी सहित देश और विदेश में सनातन धर्म की ध्वजा फहराने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि मोदी जी के देश हित, जनहित में किये विकास के कार्य साफ दिखाई दे रहे हैं। फग्गन सिंह को वोट देने से न केवल मोदी जी के हाथ मजबूत होंगे बल्कि स्थानीय स्तर पर विकास की गति बढ़ेगी। भाजपा प्रत्याशी फग्गनसिंह कुलस्ते ने कहा कि माँ राजराजेश्वरी को प्रणाम कर नागरिकों का आशीर्वाद लेने जनसंपर्क किया उन्होंने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि मण्डला नगर के हर वर्ग के नागरिकां से भरपूर जनसमर्थन मिल रहा है श्री कुलस्ते ने कहा लोगों के सुझावों के आधार पर हमने वचन पत्र दिया है। देश के 140 करोड़ लोगों के लिए हम` या बेहतर कर सकते हैं, भारत और ऊंचाइयों तक पहुंचे ये हम सबका लक्ष्य है। मण्डला नगर में जनसंपर्क के पश्चात ब हनी नगर मण्डल, नैनपुर नगर में बड़ी सं या में कार्यकर्ताओं के साथ श्री कुलस्ते ने जनसंपर्क किया। इस अवसर पर मण्डला नगर, नैनपुर नगर में संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के कार्यक्रम में शामिल हुए एवं उनकी मूर्ति पर माल्यर्पण कर उनका पुण्य स्मरण किया। जनसंपर्क के दौरान पीएचई मंत्री संपतिया उइके, भाजपा जिलाध्यक्ष भीष्म द्विवेदी सहित बड़ी सं या में स्थानीय नागरिक, व्यापारी, विभिन्न समाजिक संगठनों के प्रमुख भाजपा कार्यकर्ता मण्डल अध्यक्ष पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि एवं भाजपा समर्थक उपस्थित थे।

# ब्लाक मंडलम से टर व बूथ कमेटी की बैठक संपन्न

छपारा यशोः- आगामी चुनाव के चलते दिनाँक 13/04/2024 को लोकसभा मंडला संसदीय क्षेत्र के केवलारी विधानसभा के छपारा मु यालय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं बैठक श्रीरामजियन सिंह जी द्वारा ली गई ।जिसमें कांग्रेस के लोकप्रिय प्रत्याशी श्री ओमकार सिंह मरकाम जी के पक्ष में 19 /04/2024 को मतदान कराने की अपील की। बैठक के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष से टर अध्यक्ष में बूथ कमेटी के अध्यक्षों को दिशा निर्देश प्रदान करते हुए श्री रामजियन सिंह। जी द्वारा वर्तमान सांसद की नाकामियां को पर्दाफाश कर जनता तक पहुंचाए जाने और केंद्र सरकार की नाकामियों को आम जनमानस तक पहुंचाये जाने हेतु महत्वपूर्ण विषयों पर उपस्थित लोगों को निर्देशित किया गया और लोकसभा चुनाव में स्वयं प्रत्याशी के रूप में कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।



# पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने मंडला लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी फग्गनसिंह कुलस्ते के समर्थन में अनेक सभाएँ की

केवलारी यशोः- पूर्व सीएम ने रविवार को मंडला संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी फग्गनसिंह कुलस्ते के समर्थन में कान्हीवाड़ा में जन संवाद, पलारी एवं सुनवारा में आमसभाओं को संबोधित किया । इस दौरान पूर्व सीएम ने कहा कि, जनता से पदों के नहीं बल्कि दिल और आत्मा के रिश्ते हैं। नवरात्रि चल रही है और मैं मैया से केवल यहीं मांगता हूं कि, माँ मुझे धन, बल, विद्या, स्वर्ग और मुक्ति नहीं चाहिए। मुझ पर केवल इतनी कृपा करना की मरने के बाद बार-बार इसी जनता के बीच पैदा करना ताकि सेवा कर सकूं।



***सोनिया जी की बैकडोर एंट्री***

पूर्व मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि, आयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो रहा था। आनंद और उत्सव में देश डूबा हुआ था, नौजवानों का उत्साह चरम पर था, लेकिन कांग्रेस पार्टी गमगीन थी। निमंत्रण उन्हें भी दिया था लेकिन उन्होंने लिखित में कहा कि, हम नहीं जाएंगे। जब तक धरती रहेगी तब तक ये बात इतिहास में रहेगी कि, कांग्रेस ने राममंदिर का विरोध किया था। उन्होंने कहा कि,` यों कोई कांग्रेस मे रहें, सभी विचारवान नेता कांग्रेस छोड़ रहे हैं। कांग्रेस की हालत ये हो गई है कि, इंदिरा जी की सीट रायबरेली से अब कांग्रेस को उ मीदवार ही नहीं मिल रहा है। दुर्गति ऐसी हो गई कि, मैडम सोनिया ने कह दिया मैं चुनाव नहीं लड़ूंगी उनकी राज्यसभा में बैकडोर से एंट्री हुई है। सोनिया गांधी मैदान छोड़ गई और राहुल गांधी अमेठी छोड़कर वायनाड चले गए। कांग्रेस समाप्ति की ओर है।

***भाजपा का संकल्प पत्र***

पूर्व मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भारतीय जनता पार्टी के घोषणा पत्र को लेकर कहा कि, बाबा साहेब के जन्मदिन पर जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति का यह संकल्प पत्र है। जिसको केवल कुछ लोगों ने बैठकर नहीं बनाया बल्कि प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर 15 लाख से ज्यादा सुझाव आए हैं। व्यक्तियों, संस्थाओं ने सुझाव दिए हैं। उन्होंने कहा कि, सही अर्थों में यह जनता का जनता के लिए और जनता के द्वारा संकल्प पत्र है। जिसमें 2047 का भारत कैसा होगा इसका रोडमैप बनाया गया है। विकसित भारत के लक्ष्य और पूर्ति के लिए हर संभव उपाय समाज के हर वर्ग का कल्याण इस पर निहित है। पूर्व सीएम ने कहा कि, एक तरफ इंफ्रा का विकास टूरिज्म को आगे बढ़ाने से लेकर अनंत रोजगार की संभावना वाला संकल्प है। यह गरीबी से पूर्णता मुक्ति का संकल्प पत्र है। यह नारी सशक्तिकरण का संकल्प पत्र है। तीन करोड़ लखपति दीदी बनेंगी यह किसानों की आय बढ़ाने का संकल्प पत्र है। इसमें जनता की आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए उनकी पूर्ति के लिए ठोस रोडमैप है और मैं समझता हूं कि सारा देश इसका स्वागत करेगा।

***मोदी जी के नेतृत्व में बनेगा विकसित भारत**

पूर्व मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी युगपुरूष हैं, उन्होंने अद्भुत काम किए हैं। मोदी जी के नेतृत्व में एक गौरवशाली, वैभवशाली, शक्तिशाली, स पन्न और समृध्द भारत का निर्माण हो रहा है। कांग्रेस की सरकार में दुनिया में कहीं भी भारत का मान-स मान नहीं था, लेकिन मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से पूरे विश्व में भारत का डंका बजा है। पहले छोट-छोटे देश हमें डराते थे, पाकिस्तान भी आंखें दिखाता था, लेकिन मोदी जी ने कह दिया कि ये नया भारत है। हम किसी को छेड़ेंगे नहीं लेकिन हमें किसी ने छेड़ा तो हम छोड़ेंगे भी नहीं। जिन अंग्रेजों ने हम राज किया आज भारत ने उन्हें भी पीछे छोड़ दिया है। भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है और मोदी जी के तीसरे टर्म में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि, मुझे पूरा विश्वास है कि, मोदी जी के नेतृत्व में ही विकसित भारत बनेगा और हमारा देश, सारी दुनिया को दिशा दिखाएगा।

## कांग्रेस पर साधा निशाना तो नरेन्द्र मोदी को बताया युगपुरूष



पूर्व मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मंडला लोकसभा क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रमो में प्रदेश सरकार की मंत्री संपतिया उईके, भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रीराम ठाकुर,मुकेश बघेल लोकसभा सह संयोजक, केवलारी विधानसभा संयोजक प्रदीप राय, केवलारी विधानसभा प्रभारी एवं भाजपा के जिला महामंत्री अजय डागोरिया, गजानंद पंचेश्वर जयदीप सिंह चौहान ,लालू राय पूर्व विधायक राकेश पाल सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता वेद सिंह ठाकुर, पूर्व जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष अशोक तेकाम, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रेम तिवारी, जिला सह कोषाध्यक्ष समीर ठाकुर, देवी सिंह बघेल पूर्व नपा अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी, आनंद पंजवानी आशीष माना ठाकुर, संतोष नगपुरे, धर्मेन्द्र ठाकुर, निशा पटेल, शिवाकांत ठाकुर, सुनीता बघेल श्रीमती उर्मिला उईके, श्रीमती किरण वाहने, सोहन कश्यप, मंडल अध्यक्षगण एवं भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे ।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी
ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297